पेपर 2 · विषय कोड 20

UGC NET Hindi Syllabus PDF

यूजीसी नेट हिंदी सिलेबस

सभी 10 इकाइयाँ · 86 रचनाकार और उनकी निर्धारित रचनाएँ · जून 2026 का इकाई-वार विश्लेषण

इस PDF में

1. परीक्षा पैटर्न 2. इकाई 1 से 4 के टॉपिक 3. इकाई 5 से 10 की रचना-सूची
4. जून 2026 में किस इकाई से कितने प्रश्न 5. तैयारी की योजना

केवल कृष्ण घोड़ेला
एम.ए., बी.एड., नेट · कॉलेज व्याख्याता
हिंदी साहित्य चैनल · **store.hindisahity.com**

पाठ्यक्रम का आधार: UGC NET का आधिकारिक सिलेबस (ugcnetonline.in)

परीक्षा पैटर्न

पेपर	प्रश्न	अंक	विषय
पेपर 1	50	100	शिक्षण और शोध अभिवृत्ति (सभी विषयों के लिए समान)
पेपर 2	100	200	हिंदी (विषय कोड 20)
कुल	**150**	**300**	दोनों पेपर एक ही सत्र में, कुल 3 घंटे

हर सही उत्तर पर 2 अंक मिलते हैं और गलत उत्तर पर कोई अंक नहीं कटता। परीक्षा कंप्यूटर आधारित (CBT) होती है।

10 इकाइयाँ और जून 2026 के प्रश्न

इकाई	नाम	जून 2026 में प्रश्न*
इकाई 1	हिंदी भाषा और उसका विकास	**7**
इकाई 2	हिंदी साहित्य का इतिहास	**21**
इकाई 3	साहित्यशास्त्र	**8**
इकाई 4	वैचारिक पृष्ठभूमि	**7**
इकाई 5	हिंदी कविता	**11**
इकाई 6	हिंदी उपन्यास	**5**
इकाई 7	हिंदी कहानी	**5**
इकाई 8	हिंदी नाटक	**8**
इकाई 9	हिंदी निबंध	**10**
इकाई 10	आत्मकथा, जीवनी, अन्य गद्य	**8**
अपठित गद्यांश (दो गद्यांश, हर एक पर 5 प्रश्न)		**10**

* यह गिनती हमने हर प्रश्न के विषय के आधार पर की है। कुछ प्रश्न दो इकाइयों से जुड़ते हैं, इसलिए इसे अनुमान मानें। NTA इकाई-वार अंक तय नहीं करता।

निष्कर्ष: इकाई 2 (साहित्य का इतिहास) से सबसे ज़्यादा प्रश्न आए। इकाई 5 से 10 की निर्धारित रचनाओं से मिलाकर लगभग आधा पेपर बना, इसलिए मूल रचनाएँ पढ़ना ज़रूरी है।

इकाई 1 से 4: सैद्धांतिक भाग

इकाई 1 हिंदी भाषा और उसका विकास

जून 2026: 7 प्रश्न

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि: प्राचीन भारतीय आर्य भाषाएँ; मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषाएँ: पालि, प्राकृत (शौरसेनी, अर्द्धमागधी, मागधी), अपभ्रंश और उनकी विशेषताएँ; अपभ्रंश, अवहट्ठ और पुरानी हिंदी का संबंध; आधुनिक भारतीय आर्य भाषाएँ और उनका वर्गीकरण

भौगोलिक विस्तार: हिंदी की उपभाषाएँ: पश्चिमी हिंदी, पूर्वी हिंदी, राजस्थानी, बिहारी तथा पहाड़ी वर्ग और उनकी बोलियाँ; खड़ीबोली, ब्रज और अवधी की विशेषताएँ

हिंदी के विविध रूप: हिंदी, उर्दू, दक्खिनी, हिंदुस्तानी

भाषिक स्वरूप: स्वनिम व्यवस्था (खंड्य और खंड्येतर), ध्वनियों का वर्गीकरण; शब्द रचना (उपसर्ग, प्रत्यय, समास); रूप रचना (लिंग, वचन, कारक के संदर्भ में संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया); वाक्य रचना

प्रयोग के रूप: बोली, मानक भाषा, राजभाषा, राष्ट्रभाषा, संपर्क भाषा; संचार माध्यम और हिंदी; कंप्यूटर और हिंदी; हिंदी की संवैधानिक स्थिति

देवनागरी लिपि: विशेषताएँ और मानकीकरण

इकाई 2 हिंदी साहित्य का इतिहास

जून 2026: 21 प्रश्न

इतिहास दर्शन और लेखन: हिंदी साहित्येतिहास दर्शन; इतिहास लेखन की पद्धतियाँ; काल-विभाजन और नामकरण

आदिकाल: विशेषताएँ और साहित्यिक प्रवृत्तियाँ; रासो साहित्य; जैन, सिद्ध और नाथ साहित्य; अमीर खुसरो की हिंदी कविता; विद्यापति और उनकी पदावली; लौकिक साहित्य

भक्तिकाल: भक्ति आंदोलन के उदय के सामाजिक-सांस्कृतिक कारण, अखिल भारतीय स्वरूप और प्रादेशिक वैशिष्ट्य; आलवार संत; भक्ति काव्य के प्रमुख संप्रदाय और वैचारिक आधार; निर्गुण-सगुण कवि और उनका काव्य

रीतिकाल: सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि; रीतिबद्ध, रीतिसिद्ध, रीतिमुक्त प्रवृत्तियाँ; रीतिकवियों का आचार्यत्व; प्रमुख कवि और उनका काव्य

आधुनिक काल: हिंदी गद्य का उद्भव; 1857 और सांस्कृतिक पुनर्जागरण; भारतेंदु युग और 19वीं सदी की पत्रकारिता; द्विवेदी युग और सरस्वती; राष्ट्रीय काव्य धारा; स्वच्छंदतावाद; छायावाद, प्रगतिवाद, प्रयोगवाद, नई कविता, समकालीन कविता (वर्ष 2000 तक)

गद्य विधाओं का विकास: उपन्यास, कहानी, नाटक-रंगमंच-एकांकी, निबंध, आलोचना; रेखाचित्र, संस्मरण, यात्रा साहित्य, आत्मकथा, जीवनी, रिपोर्ताज, डायरी; हिंदी का प्रवासी साहित्य

इकाई 3 साहित्यशास्त्र

जून 2026: 8 प्रश्न

भारतीय काव्यशास्त्र: काव्य के लक्षण, काव्य हेतु, काव्य प्रयोजन; रस, अलंकार, रीति, ध्वनि, वक्रोक्ति और औचित्य संप्रदाय; रस निष्पत्ति, साधारणीकरण; शब्दशक्ति, काव्यगुण, काव्य दोष

पाश्चात्य काव्यशास्त्र: प्लेटो के काव्य सिद्धांत; अरस्तू: अनुकरण, त्रासदी विवेचन, विरेचन; वर्ड्सवर्थ का काव्यभाषा सिद्धांत; कॉलरिज: कल्पना और फैंटेसी; टी.एस. इलियट: निर्वैयक्तिकता, परंपरा की अवधारणा; आई.ए. रिचर्ड्स: मूल्य, संप्रेषण और काव्यभाषा सिद्धांत

आधुनिक समीक्षा: रूसी रूपवाद; नई समीक्षा; मिथक, फंतासी, कल्पना, प्रतीक, बिंब

इकाई 4 वैचारिक पृष्ठभूमि

जून 2026: 7 प्रश्न

नवजागरण: भारतीय नवजागरण और स्वाधीनता आंदोलन की वैचारिक पृष्ठभूमि; हिंदी नवजागरण; खड़ीबोली आंदोलन; फोर्ट विलियम कॉलेज; भारतेंदु और महावीर प्रसाद द्विवेदी की भूमिका

दर्शन: गांधीवादी दर्शन, अंबेडकर दर्शन, लोहिया दर्शन

विचारधाराएँ और विमर्श: मार्क्सवाद, मनोविश्लेषणवाद, अस्तित्ववाद, उत्तर आधुनिकतावाद; अस्मितामूलक विमर्श: दलित, स्त्री, आदिवासी और अल्पसंख्यक

तैयारी का सुझाव: इकाई 1 से 4 में तथ्य कम और अवधारणाएँ ज़्यादा हैं। रस, ध्वनि, वक्रोक्ति, अरस्तू, इलियट और रिचर्ड्स जैसे सिद्धांतों की परिभाषा, प्रवर्तक और मुख्य ग्रंथ एक तालिका में लिखकर दोहराएँ।

इकाई 5 से 10: निर्धारित रचनाएँ

इकाई 5 हिंदी कविता

जून 2026: 11 प्रश्न

रचनाकार	निर्धारित रचना
चंदबरदाई	पृथ्वीराज रासो: रेवा तट
अमीर खुसरो	खुसरो की पहेलियाँ और मुकरियाँ
विद्यापति	विद्यापति की पदावली (सं. डॉ. नरेंद्र झा), पद 1 से 25
कबीर	कबीर (सं. हजारी प्रसाद द्विवेदी), पद 160 से 209
जायसी	जायसी ग्रंथावली (सं. रामचंद्र शुक्ल): नागमती वियोग खंड
सूरदास	भ्रमरगीत सार (सं. रामचंद्र शुक्ल), पद 21 से 70
तुलसीदास	रामचरितमानस: उत्तरकांड
बिहारी	बिहारी सतसई (सं. जगन्नाथदास रत्नाकर), दोहा 1 से 50
घनानंद	घनानंद कवित्त (सं. विश्वनाथ मिश्र), कवित्त 1 से 30
मीरा	मीरा (सं. विश्वनाथ त्रिपाठी), आरंभ से 20 पद
अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध	प्रियप्रवास
मैथिलीशरण गुप्त	भारत भारती; साकेत (नवम सर्ग)
जयशंकर प्रसाद	आँसू; कामायनी (श्रद्धा, लज्जा, इड़ा)
निराला	जुही की कली, जागो फिर एक बार, सरोज स्मृति, राम की शक्तिपूजा, कुकुरमुत्ता, बाँधो न नाव इस ठाँव बंधु
सुमित्रानंदन पंत	परिवर्तन, प्रथम रश्मि
महादेवी वर्मा	बीन भी हूँ मैं तुम्हारी रागिनी भी हूँ, मैं नीर भरी दुख की बदली, फिर विकल हैं प्राण मेरे, यह मंदिर का दीप इसे नीरव जलने दो, द्रुत झरो जगत के जीर्ण पत्र
रामधारी सिंह दिनकर	उर्वशी (तृतीय अंक), रश्मिरथी
नागार्जुन	कालिदास, बादल को घिरते देखा है, अकाल और उसके बाद, खुरदरे पैर, शासन की बंदूक, मनुष्य हूँ
अज्ञेय	कलगी बाजरे की, यह दीप अकेला, हरी घास पर क्षण भर, असाध्य वीणा, कितनी नावों में कितनी बार
भवानीप्रसाद मिश्र	गीत फरोश, सतपुड़ा के जंगल
मुक्तिबोध	भूल गलती, ब्रह्मराक्षस, अँधेरे में
धूमिल	नक्सलबाड़ी, मोचीराम, अकाल दर्शन, रोटी और संसद

इकाई 6 हिंदी उपन्यास

जून 2026: 5 प्रश्न

रचनाकार	निर्धारित रचना
पं. गौरीदत्त	देवरानी जेठानी की कहानी
लाला श्रीनिवास दास	परीक्षा गुरु
प्रेमचंद	गोदान
अज्ञेय	शेखर: एक जीवनी (भाग 1)
हजारी प्रसाद द्विवेदी	बाणभट्ट की आत्मकथा
फणीश्वरनाथ रेणु	मैला आँचल
यशपाल	झूठा सच
अमृतलाल नागर	मानस का हंस
भीष्म साहनी	तमस
श्रीलाल शुक्ल	राग दरबारी
कृष्णा सोबती	ज़िंदगीनामा
मन्नू भंडारी	आपका बंटी
जगदीश चंद्र	धरती धन न अपना

इकाई 7 हिंदी कहानी

जून 2026: 5 प्रश्न

रचनाकार	निर्धारित रचना
राजेंद्र बाला घोष (बंग महिला)	चंद्रदेव से मेरी बातें, दुलाईवाली
माधवराव सप्रे	एक टोकरी भर मिट्टी
सुभद्रा कुमारी चौहान	राही
प्रेमचंद	ईदगाह, दुनिया का अनमोल रतन
राजा राधिकारमण प्रसाद सिंह	कानों में कंगना
चंद्रधर शर्मा गुलेरी	उसने कहा था
जयशंकर प्रसाद	आकाशदीप
जैनेंद्र	अपना-अपना भाग्य
फणीश्वरनाथ रेणु	तीसरी कसम, लाल पान की बेगम
अज्ञेय	गैंग्रीन
शेखर जोशी	कोसी का घटवार
भीष्म साहनी	अमृतसर आ गया है, चीफ की दावत
कृष्णा सोबती	सिक्का बदल गया
हरिशंकर परसाई	इंस्पेक्टर मातादीन चाँद पर
ज्ञानरंजन	पिता
कमलेश्वर	राजा निरबंसिया
निर्मल वर्मा	परिंदे

इकाई 8 हिंदी नाटक

जून 2026: 8 प्रश्न

रचनाकार	निर्धारित रचना
भारतेंदु	अंधेर नगरी, भारत दुर्दशा
जयशंकर प्रसाद	चंद्रगुप्त, स्कंदगुप्त, ध्रुवस्वामिनी
धर्मवीर भारती	अंधा युग
लक्ष्मीनारायण लाल	सिंदूर की होली
मोहन राकेश	आधे-अधूरे, आषाढ़ का एक दिन
हबीब तनवीर	आगरा बाज़ार
सर्वेश्वरदयाल सक्सेना	बकरी
शंकर शेष	एक और द्रोणाचार्य
उपेंद्रनाथ अश्क	अंजो दीदी
मन्नू भंडारी	महाभोज

इकाई 9 हिंदी निबंध

जून 2026: 10 प्रश्न

रचनाकार	निर्धारित रचना
भारतेंदु	दिल्ली दरबार दर्पण, भारतवर्षोन्नति कैसे हो सकती है
प्रतापनारायण मिश्र	शिवमूर्ति
बालकृष्ण भट्ट*	शिवशंभु के चिट्ठे
रामचंद्र शुक्ल	कविता क्या है
हजारी प्रसाद द्विवेदी	नाखून क्यों बढ़ते हैं
विद्यानिवास मिश्र	मेरे राम का मुकुट भीग रहा है
अध्यापक पूर्ण सिंह	मजदूरी और प्रेम
कुबेरनाथ राय	उत्तराफाल्गुनी के आस-पास
विवेकी राय	उठ जाग मुसाफिर
नामवर सिंह	संस्कृति और सौंदर्य

* आधिकारिक सिलेबस में "शिवशंभु के चिट्ठे" बालकृष्ण भट्ट के नाम से छपा है, जबकि इसके लेखक बालमुकुंद गुप्त हैं। उन्होंने यह "शिवशंभु शर्मा" नाम से लॉर्ड कर्ज़न को संबोधित करते हुए लिखा था।

इकाई 10 आत्मकथा, जीवनी तथा अन्य गद्य विधाएँ

जून 2026: 8 प्रश्न

रचनाकार	निर्धारित रचना
रामवृक्ष बेनीपुरी	माटी की मूरतें
महादेवी वर्मा	ठकुरी बाबा
तुलसीराम	मुर्दहिया
शिवरानी देवी	प्रेमचंद घर में
मन्नू भंडारी	एक कहानी यह भी
विष्णु प्रभाकर	आवारा मसीहा
हरिवंशराय बच्चन	क्या भूलूँ क्या याद करूँ
रमणिका गुप्ता	आपहुदरी
हरिशंकर परसाई	भोलाराम का जीव
कृष्ण चंदर	जामुन का पेड़
दिनकर	संस्कृति के चार अध्याय
मुक्तिबोध	एक लेखक की डायरी
राहुल सांकृत्यायन	मेरी तिब्बत यात्रा
अज्ञेय	अरे यायावर रहेगा याद

3 महीने की तैयारी योजना

समय	क्या पढ़ें
पहला महीना	इकाई 2 (इतिहास) और इकाई 1 (भाषा)। हर काल के कवि, रचनाएँ और प्रवृत्तियाँ।
दूसरा महीना	इकाई 5 से 10 की निर्धारित रचनाएँ: पात्र, कथन, प्रकाशन वर्ष और क्रम।
तीसरा महीना	इकाई 3 और 4, फिर पिछले प्रश्न-पत्र और हर सप्ताह 2 पूरे मॉक टेस्ट।

आगे की तैयारी के लिए

UGC NET/JRF हिंदी (पेपर 2) कंप्लीट कॉम्बो नोट्स PDF
सभी 10 इकाइयों के नोट्स, सिलेबस के क्रम में। **₹699**
यहाँ क्लिक करके देखें →

UGC NET/JRF हिंदी टेस्ट सीरीज़: 33 टेस्ट पेपर, 1500+ प्रश्न
इकाई-वार और पूरे पेपर के अभ्यास के लिए। **₹99**
यहाँ क्लिक करके देखें →

मुफ़्त: जून 2026 का हल प्रश्न-पत्र
100 प्रश्न, आधिकारिक उत्तर और व्याख्या सहित।
प्रश्न-पत्र देखें →



केवल कृष्ण घोड़ेला
एम.ए., बी.एड. (नेट हिंदी), कॉलेज व्याख्याता, श्रीगंगानगर (राजस्थान)
हिंदी साहित्य चैनल के संचालक
store.hindisahity.com

यह PDF मुफ़्त है और विद्यार्थियों में बाँटी जा सकती है। सिलेबस में किसी बदलाव की सूचना के लिए UGC NET की आधिकारिक वेबसाइट ugcnet.nta.ac.in देखते रहें।